पत्र संख्या-स्था-1-परिपत्र 2020-21/ 3502 // वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश
(स्थापना राजपत्रित अनुभाग)
लखनऊः दिनांकः 01 फरवरी, 2022

समस्त एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-1 / ग्रेड-2, वाणिज्य कर उ0प्र0।
समस्त ज्वाइन्ट कमिश्नर/ डिप्टी कमिश्नर/
असिस्टेन्ट कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।
समस्त वाणिज्य कर अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
समस्त संयुक्त निदेशक / उप निदेशक / सांख्यिकीय अधिकारी/
एवं अपर सांख्यकीय अधिकारी, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

कृपया मुख्यालय के परिपत्र संख्या-1595 दिनांक 18-08-2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा समस्त अधिकारियों को वर्ष 2018-19 एवं 2019-20 का वार्षिक कार्यविवरण ऑनलाइन अपलोड करने हेतु ई0एम0आई0एस0 पोर्टल दिनांक 15-09-2021 तक इस निर्देश के साथ पुनः खोला गया था कि उक्त निर्धारित समय-सीमा में आप द्वारा अपना वार्षिक कार्यविवरण प्रत्येक दशा में अपलोड करना सुनिश्चित करेंगें।

तदक्रम में ही यह प्रकाश में आया है कि कतिपय अधिकारियों द्वारा अभी तक अपना वर्ष 2018-19 एवं 2019-20 से सम्बन्धित कार्यविवरण ऑनलाइन अपलोड नहीं किया गया जो कि कमिश्नर, वाणिज्य कर द्वारा जारी किये गए परिपत्रों की अवेहलना है, जिसके कारण कमिश्नर, वाणिज्य कर द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए, इस स्थिति को अत्यन्त खेदजनक बताया गया है। प्रविष्टियों के समयान्तर्गत पूर्ण न होने के कारण मुख्यालय को डी0पी0सी0 एवं ए0सी0पी0 सम्बन्धी प्रकरणों में शासन के समक्ष बार-बार अप्रिय स्थिति का सामना भी करना पड़ता है।

अतः वर्ष 2018-19, 2019-20 एवं 2020-21 के लिए वार्षिक कार्यविवरण अपलोड किये जाने हेतु एक अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए ई0आई0एम0एस0 पोर्टल दिनांक 30-03-2022 तक इस निर्देश के साथ पुनः खोला जा रहा है आप सभी अपने **ए.सी.आर ट्रैकिंग रिपोर्ट का अवलोकन कर** उक्त नियत तिथि तक अपना वार्षिक कार्यविवरण अपोलड करना सुनिश्चित करें। उक्त निर्धारित समय-सीमा के उपरान्त भी यदि किसी अधिकारी द्वारा अपना कार्यविवरण अपलोड नहीं किया जाता है तो, उनके विरुद्ध प्रतिकूल दृष्टिकोण अपनाया जायेगा। यह पत्र कमिश्नर, वाणिज्य कर के अनुमोदनोपरान्त जारी किया जा रहा है।

ह0/-

(सुधा वर्मा)
एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

---अगले पृष्ठ पर---

पृ0प0सं0 व दिनांक उक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु:-

1- ज्वाइन्ट कमिश्नर (आई0टी0) वाणिज्य कर, मुख्यालय को विभागीय वेबसाईट पर प्रदर्शित करने / वर्ष 2018-19, 2019-20 एवं 2020-21 हेतु कार्यविवरण अपलोड किये जाने हेतु पोर्टल खोले जाने के सम्बन्ध में।

04/02/22

ज्वाइन्ट कमिश्नर (स्था0 राज0) वाणिज्य कर
मुख्यालय, लखनऊ।